Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

News Paper: Amar Ujala **Date: 18.02.2022**

जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड ■ 89 पद

मंडल और जिला संवर्ग पदों के लिए आवेदन

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु 40/42/43/48 निर्धारित। आयु की गणना 01 जनवरी, 2022 के अनुसार की गई है।
- **पात्रताएं :** मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेजुएशन किया हो।
- **चयन का तरीका :** इन पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा पर आधारित होगा। परीक्षा में केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के यानी बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काट लिए जाएंगे। सवाल केवल अंग्रेजी में पूछे जाएंगे। फाइनल मेरिट और कट-ऑफ अंक को निर्धारित करने के लिए जरूरत पड़ने पर उम्मीदवारों के प्राप्त अंकों को नॉर्मलाइज किया जा सकता है। लिखित परीक्षा के बाद पदानुसार स्किल टेस्ट और टाइपिंग टेस्ट का भी प्रावधान किया गया है।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 10 मार्च, 2022 (ऑनलाइन)

आवेदन शुल्क : रुपये 500/- www.jkssb.nic.in

12वीं पास के लिए मौका ■ 44 पद

साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य पद (MPPSC)

- **आयु-सीमा :** 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक न हो।
- **पात्रताएं :** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो एवं नोटीफिकेशन में निर्धारित विषयों से स्नातक या समकक्ष डिग्री हो।
- **चयन प्रक्रिया :** उम्मीदवारों का अंतिम चयन इंटरव्यू के जरिये होगा। इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम मेरिट लिस्ट घोषित की जाएगी। इंटरव्यू 100 अंक का होगा। अनारक्षित तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 41% तथा मध्य प्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांगजन श्रेणी के लिए 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे। जरूरत पड़ने पर बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस स्थिति में इंटरव्यू के कोई उत्तीर्णांक नहीं होंगे।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख :** 24 फरवरी, 2022

आवेदन शुल्क : रुपये 500/- www.mppsc.nic.in

बिहार तकनीकी सेवा आयोग ■ 742 पद

पशु चिकित्सा अधिकारी के पदों पर करें आवेदन

- **आयु-सीमा :** अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु वर्गानुसार निर्धारित की गई है।

Job of the day

- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीवीएससी अथवा बीवीएससी और एएच की डिग्री होना अनिवार्य है।
- **चयन प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों का अंतिम चयन शैक्षणिक योग्यता के लिए निर्धारित 100 अंकों के आधार पर होगा। बीवीएससी अथवा बीवीएससी और एएच डिग्री के कुल प्राप्तांक 75 अंक, स्नातकोत्तर एवं उच्चतर डिग्री के कुल प्राप्तांक 05 अंक तथा बिहार सरकार के किसी भी विभाग में कार्यरत पशु चिकित्सकों के कार्यानुभव के कुल प्राप्तांक 20 अंक निर्धारित किए गए हैं।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** योग्य उम्मीदवार 23 फरवरी, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करें।

आवेदन शुल्क : 200/- www.btsc.bih.nic.in